15. मुहावरे

मुहावरे वे शब्दांश होते हैं जो अपने शब्दों से अलग एक विशेष अर्थ की ओर संकेत करते हैं। मुहावरों से भाषा में रोचकता तथा सुंदरता आ जाती है।

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका कुछ मुहावरों का प्रयोग करते हुए बच्चों से बातचीत करें। उदाहरण के लिए जैसे आप बच्चों से कहें कि आज का पाठ पढ़ने के लिए बच्चे अपनी 'कमर कस लें' अथवा सब बच्चे एक-दूसरे का 'हाथ बटाएँ' आदि।
- ❖ शिक्षिका बच्चों को बताएँ कि कमर कसना तथा हाथ बँटाना मुहावरे हैं। इनका अर्थ है तैयार होना तथा मदद करना।
- ❖ बच्चों से ऐसे मुहावरे बताने को कहें जो वे रोज़मर्रा की गतिविधि में अपने घर या आसपास के लोगों द्वारा सुनते हों या फिर वे स्वयं भी प्रयोग करते हों, जैसे– भूख लगने पर कहते हों – पेट में चूहे कूद रहे हैं आदि।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें।
- ❖ चित्र दिखाकर मुहावरे समझाने का प्रयास करें।
- ❖ मुहावरा की परिभाषा याद करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 63-66 पर दिए मुहावरे तथा उनके अर्थ बच्चों से पढ़वाएँ। एक-एक कर सभी बच्चों को पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ अभ्यास करने में यथासंभव मदद करें।